लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2876

दिनांक 08 अगस्त, 2024

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों के लिए जैव-ईंधन

†2876. श्री योगेन्द्र चांदोलिया:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों के लिए जैव-ईंधन का विनिर्माण करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों के लिए जैव-ईंधन के विनिर्माण हेतु अवसंरचना स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों के लिए जैव-ईंधन के विनिर्माण हेतु देश में अब तक स्थापित कंपनी का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग) सरकार वर्ष 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लक्ष्य के साथ भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और उसके यौगिकों के उत्पादन, इस्तेमाल और निर्यात का वैश्विक हब बनाने के व्यापक उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) कार्यान्वित कर रही है। मिशन के तहत नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने ग्रीन हाइड्रोजन को अन्य बातों के साथ-साथ बायोमास को परिवर्तित करने के माध्यम से उत्पादित हाइड्रोजन के रूप में परिभाषित किया है। एनजीएचएम के प्रमुख घटकों में से एक परिवहन क्षेत्र में प्रायोगिक परियोजनाओं की मदद करना भी है। एनजीएचएम के तहत परिवहन में ग्रीन हाइड्रोजन के इस्तेमाल हेतु प्रायोगिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए योजना संबंधी दिशानिर्देश फरवरी, 2024 में जारी कर दिए गए हैं।

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) अपनी रिफाइनरियों में निजी इस्तेमाल के लिए बायोमास रूट के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन हेतु एक प्रायोगिक परियोजना स्थापित कर रही है। इसके अलावा, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने हाइड्रोजन बाजार को बढ़ावा देने तथा ईंधन सेल वाहनों के लिए ईंधन भरने की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाकर पणधारकों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यनीतिक पहल के रूप में वाहनों में ईंधन भरने वाले स्टेशनों के लिए हाइड्रोजन अवसंरचना स्थापित की है। अवसंरचना के विन्यास में संपीड़न, भंडारण और वितरण सुविधाओं सहित इलैक्ट्रोलाइसिस, नेचुरल गैस रिफॉर्मिंग और शोधन इकाइयों से उत्पादित हाइड्रोजन शामिल है।

****